

# किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वस्थ शरीर का होना अत्यंत आवश्यक : डॉ .राजेश

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिलेभर में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जनवरी। स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिले भर में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारतीय अध्यात्म और संस्कृति के महान प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।**

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का युवाओं के नाम संदेश भी प्रसारित हुआ, जिसमें उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को नियमित रूप से अपनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि जीवन में किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वस्थ शरीर का होना अत्यंत आवश्यक है। योग और प्राणायाम न केवल शरीर को निरोग रखते हैं बल्कि मन में ऊर्जा, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का भी संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी शारीरिक स्वास्थ्य को विशेष महत्व देते थे और उनका मानना था कि स्वस्थ शरीर से ही आत्मिक और बौद्धिक उन्नति संभव है।

सांसद डॉ.मिश्रा ने सूर्य नमस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे आयु, बल और ऊर्जा की प्राप्ति होती है तथा बुद्धि और चेतना का विकास होता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे प्रतिदिन सुबह अपने कार्य की शुरुआत सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से करें और स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण एवं विश्व कल्याण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा शक्ति की क्षमता को पहचाना है और ज्ञान के साथ ध्यान के मार्ग को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री दोनों का संदेश है कि योग को जीवन में उतारकर ही तन, मन और विचारों का संतुलित विकास संभव है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को योग, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद डॉ .राजेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी गोपदबनास राकेश शुक्ला, उप पुलिस अधिकारी अमन मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पवन सिंह, जिला परियोजना समन्वयक विनय मिश्रा, अतिरिक्त परियोजना समन्वयक डॉ .सुजीत मिश्रा, जिला संस्कृत प्रभारी सतीश पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।



# स्वदेशी जागरण मंच ने जन जागरण रैली एवं रन फॉर यूनिटी किया आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जनवरी। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में रन फॉर यूनिटी एवं जन जागरण रैली का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, विदेशी वस्तुओं का परित्याग का संदेश देते हुए देश की एकता अखंडता और फिटनेस के संदेश एवम देशभक्ति और स्वस्थ भारत के प्रति प्रेरित किया गया। जिसमें सैकड़ो लोग, छात्र, पुलिसकर्मी और नागरिक शामिल हुए हैं।**

अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्रा संयोजक स्वदेशी जागरण मंच, लक्ष्मीकांत शर्मा समन्वयक, आशुतोष गुप्ता विचार प्रमुख, डॉ.रावेन्द्र बहादुर सिंह सह समन्वयक, इंजी.अशोक कुमार मिश्रा सह समन्वयक स्वाबलंबी भारत अभियान के समग्र प्रयास से स्वदेशी जागरण मंच सीधी महाकौशल प्रांत द्वारा 12 जनवरी को जिला मुख्यालय में सीएमएचओ कार्यालय से क्रमांक 1 विद्यालय मैदान तक जन जागरण रैली का आयोजन किया गया साथ ही खेल मैदान में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, सीएमएचओ डॉ.बबीता खरे, संयोजक प्रमोद मिश्रा द्वारा पुरष्कृत किया गया। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाने एवं विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार करने से ही देश सशक्त मजबूत बनेगा साथ ही स्वामी विवेकानंद जी के सपने को गति प्राप्त होगी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने स्वदेशी जागरण मंच की पहल को सराहनीय बताया। सीएमएचओ डॉ.बबीता खरे ने शपथ दिलाई कि हम जब भी बाजार जाएंगे स्वदेशी वस्तुएं ही खरीद कर लाएंगे, एक ही देश एक ही नारा अब हम सबको स्वदेशी उत्पाद ही अपनाना है। अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्रा संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में देश को सशक्त और मजबूत बनाने हेतु स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की आम जनों से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में रसायन के प्रयोग से खेतों को भारी नुकसान हो रहा है, साथ ही विदेशी वस्तुओं के उपभोग से आर्थिक रूप से देश कमजोर हो रहा है। अधिक पैदावार के चक्कर में किसान बड़ी मात्रा में रसायनिक खादों को प्रयोग कर रहे हैं जिससे जमीन बंजर होती जा रही है। आशुतोष गुप्ता विचार प्रमुख द्वारा स्वदेशी वस्तुओं के व्यापार की स्थिति एवं विदेशी वस्तुओं के विषय में विधवत प्रकाश डाला।

# वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर का हुआ विमोचन, तहसीलो में हुआ वितरण




नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जनवरी। वैश्य महासम्मेलन म.प्र. के मार्गदर्शन में तहसील इकाइयों में वार्षिक कैलेण्डर विमोचन एवं कैलेण्डर वितरण कार्यक्रम बहरी, अमिलिया, चुरहट, रामपुर नैकिन में आज 11 जनवरी रविवार को आयोजित किया गया।**

बहरी में तहसील अध्यक्ष मिथिलेश अग्रहरि के निज निवास में कार्यक्रम रखा गया। वहीं दूसरी तरफ चुरहट में माता बूढ़ी माई के मंदिर के पास, जहां रामपुर नैकिन के भी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश महामंत्री भोला प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी सुभाषचंद्र सोनी, महिला अध्यक्ष श्रीमती जगदंबा सोनी, चुरहट तहसील अध्यक्ष बसंतलाल गुप्ता शामिल रहे। बहरी एवं अमिलिया इकाई में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष आलोक केसरी, जिला प्रभारी गोपाल प्रसाद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, गोपद बनास तहसील अध्यक्ष महेन्द्र सराफ, बहरी तहसील अध्यक्ष मिथिलेश अग्रहरि आदि पदाधिकारी की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रदेश महामंत्री भोला प्रसाद गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष आलोक केसरी, जिला प्रभारी गोपाल प्रसाद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने अपने-अपने विचार रखें। वैश्य महासम्मेलन के नियमों पर प्रकाश डाला गया एवं उनसे क्या-क्या लाभ मिलेंगे समाज को बताया गया, सदस्यता पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश गुप्ता, सत्य प्रसाद नामदेव, राजेश गुप्ता, उमेश अग्रहरि, दिलीप सोनी, श्यामलाल गुप्ता, रवि कुमार अग्रहरी, छोटेलाल अग्रहरि, बृजभान साहू, बृजेन्द्र यादव, अश्वनी कुमार अग्रहरी, बुद्धिमान प्रसाद, उमेश कुमार गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, अनुज कुमार अग्रहरी, आशीष कुमार गुप्ता, रितेश कुमार गुप्ता, श्रीमती उमा सोनी, श्रीमती गायत्री गुप्ता, श्रीमती ज्योति गुप्ता, शंखधार गुप्ता, सुनील गुप्ता, विजय गुप्ता, सतीश सोनी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से चुरहट इकाई में सतीश कुमार सोनी की युवा अध्यक्ष की भी नियुक्ति हुई।



# वाइज प्रोजेक्ट के तहत महिला मेट प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जनवरी। जनपद पंचायत सीधी के सभागार में वाइज प्रोजेक्ट के तहत महिला मेटों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त सीइओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा, सीईओ जनपद पंचायत सीधी चंदूलाल पनिका, श्रीमती सरिता सिंह, प्रदान संस्था से मास्टर ट्रेनर विशाल, अमृता सिंह सहित सभी महिला मेट शामिल रहीं। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला मेटों को उनके कार्यों के लिए आवश्यक कौशल और जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे अपने क्षेत्र में जनसंपर्क और महिलाओं के सशक्तिकरण में प्रभावी भूमिका निभा सकें। उपस्थित अधिकारियों ने महिला मेटों को उनके कार्यों में दक्षता और सक्रियता के लिए प्रेरित किया तथा कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### एक नजर में

# लीला इंटरनेशनल मड़वास में मना राष्ट्रीय युवा दिवस



**मड़वास।** सीधी जिले के मड़वास अंचल स्थित लीला इन्टरनेशनल स्कूल में मध्य प्रदेश शासन लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार बड़े हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित तथा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। जहां आकाशवाणी के माध्यम से प्रात: 9 :30 बजे से 10 :15 बजे तक उक्त आयोजन हेतु राष्ट्रगीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव का रिकॉर्डेड संदेश तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का प्रसारण हुआ। शिक्षक व छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। तत्पश्चात् स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों से केक कटवाया गया। सूर्य नमस्कार उपरांत शिक्षकों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया तथा उनके अनमोल विचार साझा किये गये। स्वामी विवेकानंद के विचारों में आत्मविश्वास, निस्वार्थ सेवा, उठो-जागो-लक्ष्य-प्राप्ति के मंत्र और सर्वधर्म समभाव प्रमुख हैं जो युवाओं और समाज को सशक्त बनाने पर केन्द्रित हैं। वे मनुष्य को अनंत शक्ति का स्रोत मानते थे और कहते थे कि विचारों से ही हम बनते हैं इसलिए उन्हें उच्च आदर्शों से भरना चाहिए।

# सांदीपनि विद्यालय कुसमी में सामूहिक सूर्य नमस्कार



**कुसमी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में प्रदेशभर में मनाई गई। इस अवसर पर सीधी जिले के आदिवासी अंचल कुसमी स्थित सांदीपनि विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह ने विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार कर युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह ने कहा कि प्रत्येक युवा देश का भविष्य निर्माता है। स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया में सनातन संस्कृति का परचम लहराया और वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से योग को जीवन का हिस्सा बनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। तहसीलदार नारायण सिंह ने युवाओं से प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योग एवं अध्ययन के लिए समय निकालने की अपील की तथा कहा कि शासन द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। समाजसेवी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि यदि सम्पूर्ण योग संभव न हो तो नियमित सूर्य नमस्कार भी पर्याप्त है। कार्यक्रम के दौरान रेडियो के माध्यम से सामूहिक वंदे मातरम् गान हुआ तथा स्वामी विवेकानंद के रिकॉर्डेड संदेश का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, तहसीलदार नारायण सिंह, बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी, सरपंच चेतना सिंह, समाजसेवी अखंड प्रताप सिंह, प्राचार्य पी .के .पाण्डेय, प्राचार्य राजेश पाण्डेय, जन्मेजय जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला कार्यालय में युवा कांग्रेस की बैठक आयोजित




नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जनवरी। आज जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस जिला सीधी अध्यक्ष करुण सिंह चौहान की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।**

जिसमें चलो पंचायत कार्यक्रम एवं अन्य आगामी कार्ययोजना को लेकर संगठन के पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें युकां जिला उपाध्यक्ष अनुज साहू, अजीत सिंह छुहिया, दिग्विजय सिंह राहुल, संजय सिंह, युवा कांग्रेस से विधानसभा चुरहट अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह केडी, सीधी अध्यक्ष नारायण सिंह, सीधी अध्यक्ष विकास सिंह परिहार, सिहावल अध्यक्ष सूर्या साहू, धौंहनी अध्यक्ष अभिषेक सिंह सनी, ब्लाक रामपुर नैकिन अध्यक्ष कुणाल पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष सीधी रमन सिंह, ब्लाक अध्यक्ष हनुमानगढ़ विपिन सिंह नौगवां, ब्लाक सेमरिया अध्यक्ष रोहित द्विवेदी, ब्लाक मझौली अध्यक्ष हर्षित शुक्ला, ब्लाक बहरी अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल, ब्लाक मड़वास अध्यक्ष रमेश साहू, ब्लाक कुचवाही उपाध्यक्ष विकाश सिंह, अंशू बघेल सहित अन्य युवा साथी शामिल हुए।

# गणेश स्कूल पड़रा में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जनवरी। स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा में सोमवार को महान विचारक और युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में गरिमामय वातावरण में मनाया गया।**

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 10 बजे स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके उपरांत विद्यालय परिसर में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार, योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। जिससे संपूर्ण वातावरण ऊर्जा और सकारात्मकता से भर उठा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो, तो वे किसी भी ऊंचाई को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर एचएम माएमा सिमन्स, कोमल बाधवानी, विश्वास पाण्डेय, रामप्रीत तिवारी एवं प्रियंका सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्यालय मड़रिया में युवा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन




नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जनवरी। सरस्वती उच्च.माध्य. विद्यालय मड़रिया सीधी में स्वामी विवेकानंद के जयंती के उपलक्ष्य में युवा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के भैया-बहनों के द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा के द्वारा स्वामी विवेकानंद के कार्यों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी में कुशाग्र बुद्धि, दया की भावना, राष्ट्रीय भावना, और मानवता की भावना बहुत प्रबल थी। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कप्तान सिंह ने कहा कि पहले विवेकानंद जी की जन्म दिवस मनाया जाता था लेकिन अब साप्ताहिक कार्यक्रम की योजना रचना परिषद के द्वारा की गई है। इसमें पूरे सप्ताह भर उनके बारे में कार्यक्रम चलते हैं। मुख्य वक्त केपी यादव ने कहा कि हम सभी को उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बृहस्पति मिश्रा के द्वारा किया गया। जहां आचार्य दिवाकर द्विवेदी, छविराज सिंह, अनिल शुक्ला, रश्मि द्विवेदी, नमिता मिश्रा, राखी मिश्रा, प्रिया ओझा, अमृत लाल सोनी, आनंद तिवारी एवं अन्य सभी भैया-बहनों की सहभागिता महत्वपूर्ण रही।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बैजनाथ पटेल का दु :खद निधन



नवभारत न्यूज

**चुरहट 12 जनवरी। भाजपा के सक्रिय सदस्य बैजनाथ पटेल निवासी ग्राम मोहनिया, तहसील चुरहट उम्र 73 वर्ष का आज 12 जनवरी को भोर 3 बजे जबलपुर में दुखद निधन हो गया।**

प्राप्त जानकारी में बताया गया कि नागपुर में तबियत ज्यादा खराब हो जाने से डॉक्टरों ने उपचार करने से मना करते हुए वापस ले जाने को सलाह दिए। नागपुर से वापस लाने के बाद जबलपुर में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि वे लकवा के मरीज हो गए थे। उनका शव आज दोपहर करीब 1 बजे गृह ग्राम मोहनिया लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया। जिसमे पुत्र वीरेंद्र कुमार पटेल कांस्टेबल पुलिस ने मुखाग्नि दी। ग्राम पंचायत मोहनिया के सरपंच, सचिव, सहायक सचिव एवं गांव के वरिष्ठ जन गहरा शोक व्यक्त किया है।

# समस्याओं का समाधान कर राहत पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : सोमवंशी

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित, संकल्प से समाधान अभियान को मिशन मोड में लागू करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जनवरी। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि संकल्प से समाधान अभियान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसे केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनसेवा के मिशन के रूप में लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अधिकारी यह संकल्प लें कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।**

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चलने वाले इस अभियान को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्ड में शिविर आयोजित कर आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों की तैनाती तत्काल सुनिश्चित की जाए तथा यह जिम्मेदारी तय की जाए कि एक भी आवेदन ऑफलाइन न रहे। सभी आवेदन अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज हों। दूसरे चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक ग्राम पंचायतों के क्लस्टर एवं नगरीय निकायों में शिविर लगाकर नागरिकों को उनके आवेदन की स्थिति की स्पष्ट जानकारी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि केवल औपचारिक सूचना न दी जाए, बल्कि यह भी बताया जाए कि आवेदन किस स्तर पर है और निराकरण में कितना समय लगेगा। इससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत होगा। तीसरे चरण में 16 मार्च से 26 मार्च तक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय वार्डों में शिविर लगाकर लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। अंतिम चरण में 26 मार्च से 31 मार्च तक जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित शिविरों में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का वास्तविक लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि लाभ का कागजी नहीं, बल्कि धरातल पर दिखना ही हमारी सफलता का पैमाना होगा। शिविरों की तिथियों का निर्धारण कर स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्रसारित कर अधिक से अधिक नागरिकों को शिविरों से जोड़ा जाए।

बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समारोह गरिमापूर्ण, अनुशासित एवं समयबद्ध ढंग से आयोजित हो। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि जिला स्तर पर गणतंत्र दिवस का आयोजन स्मरणीय बन सके। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विभाग प्रमुख नेतृत्व करते हुए नियमित मॉनीटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि जिले का प्रत्येक पात्र नागरिक योजनाओं का लाभ प्राप्त करे। बैठक में सीईओ जिपं शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एडीएम बीपी पाण्डेय, एसडीएम सिहावल प्रिया पाठक, गोपद बनास राकेश शुक्ला व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### चयनित प्रकरणों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की रैंकिंग सुधारना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को केवल बंद करने की मानसिकता से नहीं बल्कि समस्या के स्थायी समाधान के दृष्टिकोण से देखा जाए। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयसीमा में निराकृत किया जाए। बार-बार शिकायत दर्ज होने वाले विभाग अपने कार्यप्रणाली की समीक्षा करें और फील्ड स्तर पर सुधार सुनिश्चित करें, ताकि शिकायत दोबारा दर्ज न हो।